C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में रविवार
सायं 7:03 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में सोमवार
सुबह 5:31 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 15 अंक 286 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | रविवार, 12 मई 2024



विक्की कौशल ने पूरी कीं...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### टैंपो की टक्कर से 6 साल के मासूम की मौत

**हल्द्वानी।** विवाह समारोह में शामिल होने जा रहे परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गई जब एक ऑटो चालक ने बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बची के पिता ने आरोपी टैंपो चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। निर्मला स्कूल के पीछे कैनाल रोड निवासी उमेश सिंह मेहरा पुत्र स्व. प्रेम सिंह ने पुलस को दी तहरीर में कहा है कि 7 मई को अपने परिवार व अन्य रिश्तेदारों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने के लिए रॉयल बैंकेट हॉल जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक टैंपो ने उसकी 6 वर्षीय पुत्री चित्रांशी को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसने निजी अस्पताल लाया गया जहां उसकी मौत हो गई। पीड़ित ने दुर्घटना के आरोपी टैंपो संख्या यूके04 टीए-9330 के चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### शिक्षक की मौत के मामले जांच की गुहार

**हल्द्वानी।** बीती 22 अप्रैल को सड़के हादसे में शिक्षक की मौत के मामले में मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच करने की मांग की है। हिम्मतपुर मल्ला ऊंचापुल निवासी जितेंद्र सिंह दिगारी पुत्र स्वर्गीय नारायण सिंह दिगारी पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसका भाई शमशेर सिंह दिगारी राजकीय प्राथमिक पाठशाला पुटपुरी में शिक्षक था और 15 वर्षों से गाड़ी से ही हल्द्वानी से पुटपुरी अप डाउन करता था। बीती 22 अप्रैल को सडत्रक हादसे में उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई को आशंका है कि जिस तरह से शमशेर सिंह की मौत हुई है उससे प्रतीत होता है कि उस दौरान उसके भाई के साथ कोई और भी था। उन्होंने पूरे मामले की जांच करने की मांग की है।

## पर्वतीय मार्गों के बंद पड़े रूटों पर निगम की बस सेवाएं चलाने की मांग

हल्द्वानी/भवाली

सलीम खान, हल्द्वानी

**कार्यशाला**

- रोडवेज कर्मचारी यूनियन भवाली के तीसरी बार अध्यक्ष बने रूप किशोर



उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन भवाली शाखा का चुनाव फरसौली कार्यशाला में हुआ। चुनाव अधिकारी आनंद सिंह अधिकारी, प्रकाश सिंह बिष्ट, मनिंदर सिंह, अनिल कुमार, धर्मपाल कंबोज, प्रीतम दास की देखरेख में हुए चुनाव में सर्वसम्मति से रूप किशोर सागर को अध्यक्ष, हर्षवर्धन और रामप्रसाद उपाध्यक्ष, दिनेश चंद्र दुम्का शाखा मंत्री, मुकेश बुधानी व सतीश चंद्र संयुक्त मंत्री, गिरीश सुयाल संगठन मंत्री, पंकज जोशी कोषाध्यक्ष तथा मान सिंह, महेंद्र सिंह, कमलेश कुमार, महेश चंद्र आर्या, मनोज जोशी, विमल कुमार, हरिशंकर आर्या व मजिंदर सिंह कार्यकारिणी सदस्य चुने गये। जावेद अली, मोहन सिंह असवाल क्षेत्रीय प्रतिनिधि व वीरेंद्र कुमार, श्याम पांडे प्रांतीय प्रतिनिधि बनाये गए। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष एलडी पालीवाल व मंडलीय मंत्री गोपेश्वर श्रीवास्तव ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कर्मचारियों के हित मे कार्य करने की शपथ दिलाई। वक्ताओं ने कहा कि परिवहन निगम में अस्थाई कर्मचारियों को नियमितीकरण के प्रयास किए जाएंगे, पर्वतीय मार्गो पर बंद पड़े रोड पर बस संचालन हेतु जोर दिया जाएगा, कैंची धाम के लिए हल्द्वानी से बस सेवा जल्द संचालित करने हेतु जोर दिया जाएगा, डिपो में स्पेयर पार्ट्स आपूर्ति का प्रयास किया जाएगा, कर्मचारियों के देयकों के भुगतान का मामलाा, परिवहन निगम में टू टायर व्यवस्था हेतु प्रयास किया जाएगा व चार धाम यात्रा हेतु अधिक से अधिक बसें भेजने हेतु संगठन स्तर से प्रयास किये जाएंगे।

**एक बजे पीसी और फिर शाम को रोड शो**

## सीएम केजरीवाल ने आज बुलाई विधायकों की बैठक

नई दिल्ली

एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी की बड़ी मीटिंग बुलाई है। इसमें पार्टी के सभी विधायकों को बुलाया गया है। बैठक के बाद केजरीवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और फिर शाम को सीएम रोड शो करेंगे।

एक्स पर एक पोस्ट में सीएम अरविंद केजरीवाल ने लिखा, सुबह 11 बजे - विधायकों की बैठक, दोपहर एक बजे- पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस, शाम 4 बजे रोड शो- नई दिल्ली लोकसभा, मोती नगर, शाम छह बजे रोड शो- पश्चिमी दिल्ली लोकसभा, उत्तम नगर, आप सभी को आना होगा। गोपाल राय ने कहा, दिल्ली के अंदर आप लगातार भाजपा की तानाशाही के खिलाफ अलग-अलग तरीके से जनता के बीच चुनाव प्रचार कर रही है। पहले भी हमने कई दूसरे माध्यम से लोगों को बताने की कोशिश की है। आज फिर से साइक्लोथॉन के माध्यम से जनता के बीच संदेश पहुंचा रहे हैं कि देश को बचाने के लिए भाजपा सरकार की तानाशाही को खत्म करना जरूरी है। आप नेता व दिल्ली सरकार में मंत्री गोपाल राय ने कहा, कल से अरविंद केजरीवाल ने जब बयान दिया (कि प्रधानमंत्री अगले साल 75 वर्ष के होने जा रहे हैं) उसकी चर्चा भाजपा का हर पदाधिकारी-कार्यकर्ता कर रहा है। मोदी जी ने खुद 75 साल होने पर पार्टी के शीर्ष नेताओं के रिटायरमेंट का नियम बनाया और अब वे 75 साल के होने जा रहे हैं।



### धीमा पड़ा था आप का चुनावी अभियान

21 मार्च को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद से आप का चुनावी अभियान धीमा पड़ा था। आप का सारा ध्यान केजरीवाल की रिहाई और ईडी को कटघरे में खड़ा करने पर रहा। पार्टी के सभी नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस से चुनाव का उठाने की कोशिश की। वहीं, मुख्यमंत्री की गैर-मौजूदगी में उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मैदान में उतरना पड़ा और दिल्ली से लेकर गुजरात तक उन्होंने रोड शो किया। लेकिन पहली बार राजनीति में उतरी सुनीता केजरीवाल की मौजूदगी के बावजूद भी अभियान ज्यादा आक्रामक नहीं हो सका।

## रुद्रपुर में एएनटीएफ यूनिट और रम्पुरा पुलिस ने नशे का सौदागर दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

**कार्रवाई**

- 1 किलो 10 ग्राम चरस बरामद, रामपुर रोड प्रीत विहार मोड़ के पास चैकिंग के दौरान पकड़ा गया बाइक सवार नशे का सौदागर

एएनटीएफ यूनिट और रम्पुरा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में बाइक सवार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो से अधिक चरस बरामद की। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस के मुताबिक एएनटीएफ यूनिट प्रभारी कौशल भाकुनी और रम्पुरा पुलिस चौकी प्रभारी नवीन बुधानी टीम के शनिवार शाम को रामपुर रोड प्रीत विहार मोड़ के समीप चैकिंग कर रहे। इसी बीच एक बाईक सवार बिना हेलमेट पहने बड़ी तेजी से आ रहा। वह पुलिस को देख बाईक मोड़ कर भागने की कोशिश करने लगा। तभी पुलिस को उस पर शक हुआ और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक् पुलिस को उसके पीठ टंगा बैग की तलाशी लेने पर उसमें रखी पन्नी में चरस बरामद हुई। बाईक के भी कागजात नहीं थे। पूछताछ में उसने अपना नाम शंकर सिंह मेहरा पुत्र दीवान सिंह मेहरा निवासी ग्राम पचनाई पोस्ट अमोड़ी चौकी चल्थी थाना लोहाघाट जिला चम्पावत बताया।



पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया नशा तस्कर सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है और पहाड़ से एकत्र कर चरस रुद्रपुर समेत कई जगहों पर बेचने की बात भी बताई।

कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि नशे के सौदागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बाईक सीज कर दी गई। टीम में हेड कांस्टेबल भुवन पांडे,हरीश गोस्वामी, अमित जोशी, महेन्द्र कुमार आदि शामिल रहे।

## वीकेंड पर पर्यटन नगरी नैनीताल में सैलानियों की भीड़

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वीकेंड को लेकर पर्यटन नगरी नैनीताल में सैलानियों की भारी भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। शनिवार को भारी संख्या में प्रति नैनीताल पहुंचे। पर्यटक वाहनों की संख्या बढ़ने से लगे जाम से स्थानीय लोगों को परेशानियों का सामना करना लड़ा। मैदानी भागों में तापमान चढ़ने के साथ सैलानियों का रुख ठंडे पर्वतीय क्षेत्रों की ओर बढ़ने लगा है। शनिवार को नगर के पर्यटन स्थल सैलानियों की चहल पहल से पटे रहे। होटलों के अधिकांश कमरे आज पैक रहे। सैलानियों की भीड़ बढ़ने से नगर की रौनक में खासा निखार नजर आया। नौका विहार करने वाले सैलानियों का झील में तांता लगा रहा और पंत पार्क समेत भोटिया बाजार में सैलानियों की भारी भीड़ रही। स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में काफी भीड़ रही। इस बीच यातायात स्थिति कई बार बिगड़ी हुई नजर आई। पार्किंग के अभाव मे सैलानी भटकते नजर आए। जिस कारण जाम की स्थिति में इजाफा हुआ। पुलिस को यातायात व्यवस्था सुचारू करने में खासी मसक्कत करनी पड़ी। लोअर मालरोड, स्नोव्यू मार्ग, मस्जिद चौराहा व चिड़ियाघर मार्ग में सर्वाधिक जाम लगा। इधर नैनीताल होटल एन्ड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट के अनुसार ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन बढ़ना शुरू हो गया है। 15 मई से मैदानी भागों के स्कूलों में अवकाश शुरू होने के बाद सीजन चरम पर पहुचना शुरू हो जाएगा। उन्होंने यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रसाशन से अनुरोध किया है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले तृतीय केदार तुंगनाथ धाम के कपाट

देहरादून

हमारे संवाददाता





भगवान तुंगनाथ की चल उत्सव विग्रह डोली ने सुबह 8.30 बजे चोपता से तुंगनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ डोली हुड्डू व अखोड़ी गांव के जमाणियों के कंधों पर तुंगनाथ धाम पहुंची।

तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण एवं पारंपरिक रीति रिवाजों के साथ शुक्रवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे छह माह के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए है। कपाट खुलने के अवसर पर 600 से अधिक श्रद्धालु मौजूद थे। शुक्रवार सुबह भगवान तुंगनाथ की चल उत्सव विग्रह डोली ने सुबह 8.30 बजे चोपता से तुंगनाथ धाम के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ डोली हुड्डू व अखोड़ी गांव के जमाणियों के कंधों पर तुंगनाथ धाम पहुंची। जहां मंदिर की तीन परिक्रमा करने के पश्चात डोली को पार्वती मन्दिर में विराजमान किया गया। इस दौरान दूर दराज से पहुंचे भक्तों ने आशीर्वाद लिया। मक्कू गांव के हक हकूकधारी पंच पुरोहितों ने डोली से भोग मूर्तियों को उतारकर पूजा अर्चना के लिए गर्भ गृह में स्थापित किया। जिसके बाद मठाधपति राम प्रसाद मैठाणी ने सभी पूजा एवं दान की प्रक्रिया संपन्न की।

कपाट खुलने के दौरान मौजूद भक्तों ने स्वयंभू शिवलिंग का जलाभिषेक किया। इस दौरान भक्तों के सहयोग से तुंगनाथ सहित अन्य सहायक मंदिरों को 8 क्विंटल फूलों से सजाया गया। जबकि चोपता व भुजगली में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर राज्यमंत्री चंडी प्रसाद भट्ट, आचार्य लंबोदर प्रसाद मैठाणी, प्रबंधक बलवीर सिंह नेगी, प्रकाश मैठाणी, रवींद्र मैठाणी, विजय भारत मैठाणी, कैलाश मैठाणी मौजूद थे।

## निधन पर शोक

**नैनीताल/भीमताल।** विकासखंड भीमताल के अन्तर्गत प्रसिद्ध भोलेनाथ की आस्था स्थल के मन्दिर समिति अध्यक्ष गुमान सिंह सम्मल 55 वर्ष कर्नाटक बाबा 70 वर्ष के निधन पर भीमताल ब्लॉक प्रमुख डॉ.हरीश सिंह बिष्ट सहित विकास खण्ड क्षेत्रवासियों ने शोक व्यक्त किया। उन्होंने अपने पैतृक निवास पर अंतिम सांस ली शनिवार को हैड़ाखान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। प्रमुख ने कहा की गुमान सिंह सम्मल ने अपने अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान छोटा कैलाश में अनेक कार्य किए व निर्माण कार्यों को कराने में सहयोग किया। इस दौरान ग्राम प्रधान हैड़ाखान मुन्नी पलड़िया , इंद्रा देवी,ललित मोहन, इंदर मेहता, तारा पलड़िया, कमलेश, हेमा आर्य,राधा कुल्याल, लता पलड़िया, लक्ष्मण गंगोला,जया बोहरा, मोहन बबियाडी,बीडीसी यशपाल, प्रकाश चंद्र, विशन मेहता, संगीता बेलवाल, नंदन सिंह, दीवान सिंह सम्मल, नवीन पलड़िया, प्रेम मेहरा, धर्मेन्द्र शर्मा, नवीन क्वीरा मौजूद रहे।

# मातृ शक्ति केयोगदान पर काव्य पाठ

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

मातृ दिवस की पूर्व संध्या पर सारथी फाउंडेशन समिति के द्वारा मां जगदम्बा बैंक्वेट हॉल मुखानी रोड हल्द्वानी में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं मै सुनन्दा जोशी कथावाचक, मीना बिष्ट स्वरोजगार, दया जोशी पत्रकार, प्रेमवती ग्रहणी,रजनी पत्रकार, कौशल्या जोशी स्वरोजगार, निशा जोशी समाजसेवी को प्रतीक चिन्ह एवं चुनरी उड़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संस्था की कई महिलाओं द्वारा मातृ शक्ति के स्वरूपों एवं योगदानों पर आधारित काव्य पाठ किया गया। अपने सम्बोधन मै संस्था के संस्थापक संयोजक नवीन पंत ने कहा कि माता का स्थान हमारे जीवन मै अति महत्वपूर्ण होता है माता ही वह पहली शिक्षिका होती है जो आपको बोलना एवं सही गलत की सीख देती है। और समाज मै आगे बढ़ने की सही शिक्षा देती है, नवीन पन्त ने कहा कि वैसे तो प्रतिदिन ही माता पिता का होता



है और मां का कर्ज कोई भी बच्चा जीवन में नहीं चुका सकता है कहते हैं की जिस घर में मां, पिता खुश रहते हैं और उनकी आज्ञा का पालन होता है वह स्वयंम देवी देवताओं का वास होता है, उन्होंने आये हुए सभी सम्मानित जनों का आभार प्रकट कर अतिथियों का स्वागत किया..

कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना एवं कविता पाठ कर शुभारंभ हुआ,कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र जोशी द्वारा किया गया। अतिथियों द्वारा अपने सम्बोधन में सारथी फाउंडेशन समिति के कार्यों को लेकर अपने विचार व्यक्त कर संस्था के कार्यों की सराहना की गई... कार्यक्रम में दीक्षा पन्त पाण्डे, योगेश पांडे, कमल जोशी,आर पी पांडे, मोहन सिंह बिष्ट, मंजू सनवाल,तारा बिष्ट, वर्षा टंडन, शीला भट्ट, मोनिका कोठारी, भावना जोशी, पूजा पंत, हेमा जोशो, रंजना जोशी, कौशल्या जोशी, गीता बेलवाल, बबिता टकवाल, भावना पांडे, रंजना जोशी, सोना तिवारी, कला नेगी, दीप्ति जोशी, मेघा पंत, शीला राणा, गुंजन जोशी, संतोष गौड़,जय प्रकाश, कृष्णा पंत,आनंद आर्य आदि उपस्थित रहे।

## ट्रांजिट कैंप पुलिस ने संदिग्ध गिरफ्तार किया, चाकू बरामद

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने गश्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया और उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के एसआई ललित चौधरी अपने साथी कांस्टेबल अनिल भारती, चन्दन सिंह के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे। इसी दौरान वह आवास विकास क्षेत्र रामलीला मैदान के समीप पहुंचे तो एक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे ललकारा और पीछा किया। बताया जाता है कि पुलिस ने उसे धोबी घाट के पास पहुंच पकड़ लिया ।

पूछताछ में उसने अपना नाम राजा पुत्र स्व.बाबू लाल निवासी ठाकुरनगर , थाना ट्रांजिट कैंप बताया। इंस्पेक्टर भारत सिंह बताया कि उसके पास से चाकू बरामद हुआ। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही। उसके परिजनों को सूचना दी गई है।



# सेंट जॉन्स विद्यालय में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शिक्षा नगरी नैनीताल शहर में शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट जॉन्स विद्यालय में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माताओं के अभिनन्दन के साथ की गई। इस अवसर पर कई खेलों का भी आयोजन किया गया। जिसमें में म्यूजिकल चेयर, मार्वल एंड स्पून रेस,पार्सल पास, लकी मॉम आदि खेल बच्चों द्वारा खेलें गए। साथ ही लकी ड्रा द्वारा लकी मॉम को चुना गया तथा सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत गए।छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। विद्यालय द्वारा बनाया गए सेल्फी प्वॉइंट ने सभी माताओं का ध्यान अपनी ओर आकृषित किया। मदर्स डे पर केक भी काटा गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों की माता के साथ सेल्फी भी ली गई साथ ही पुरस्कार देकर भी सम्मानित किया गया। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा सभी को धन्यवाद कहा गया एवं सभी माताओं को जलपान देकर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस दौरान प्रबंधक राहुल थॉमस, प्रधानाचार्य विनीता रावत, पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, आशा जोशी, नीतू भाकुनी, अनीता बोरा, मोनिका वर्मा, लता फर्त्याल, रूचि साह, राशि नारंग, शाहीन, विक्रम सिंह रावत, तुलसी बिष्ट,पूनम एवम समस्त कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

# उत्तराखंड में कुल 12583 वादों का निस्तारण कर 1 अरब से अधिक धनराशि की समझौता राशि तय

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तराखंड में कुल 12583 वादों का निस्तारण कर 1 अरब से अधिक धनराशि की समझौता राशि तय की गई। हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायधीश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सह कार्य पालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी के निर्देशन में हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति सहित सभी जिलों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। हाईकोर्ट में न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की एकलपीठ ने 42 वादों का निस्तारण कर 2.32 करोड़ की समझौता राशि तय की । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव प्रदीप मणी त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अल्मोड़ा में 128 वाद निस्तारित कर 1.11करोड़,बागेश्वर में 72 वाद निस्तारित कर 37 लाख,चमोली में 56 वाद निस्तारित कर 1.75 करोड़, चम्पावत में 118 वाद निस्तारित कर 6.71 लाख,देहरादून में 1884 वाद निस्तारित कर 8.62 करोड़,हरिद्वार में 1646 वाद निस्तारित कर 3 करोड़,नैनीताल में 1006 वाद निस्तारित कर 3.45 करोड़,पौढ़ी गढ़वाल में 662 वाद निस्तारित कर 1.36 करोड़, पिथौरागढ़ में 216 करोड़ वादों का निस्तारण कर 96 लाख, रुद्रप्रयाग में 57 वादों का निस्तारण कर 10 लाख, टिहरी गढ़वाल में 386 वादों का निस्तारण कर 1.48 करोड़, ऊधमसिंहनगर में 1818 वादों का निस्तारण कर 16.91 करोड़,उत्तरकाशी में 127 वादों का निस्तारित कर 93 लाख की समझौता राशि वसूल कराई। 4303 प्री लिटिगेशन वादों का निस्तारण कर 13.89 करोड़, ऋण वसूली अधिकरण देहरादून ने 57 वादों का निस्तारण कर 48.45 करोड़,उपभोक्ता न्यायालय ने 7 वादों का निस्तारण कर 2.50 लाख की समझौता राशि निर्धारित की।



## NEWS / फटाफट

### श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के अशोक अध्यक्ष नियुक्त



**रुद्रपुर।** यहां श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई। बैठक में केजीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल रुद्रपुर को सर्वसम्मति से श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। इस दौरान कार्यकारिणी बैठक में मौजूद सदस्यों ने अशोक का स्वागत किया। इस मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के अलावा रुद्रपुर अग्रवाल सभा समेत अर्जुन गुप्ता, श्री हनुमान सेवा ट्रस्ट के रुद्रपुर यूनिट के महासचिव विनित जैन आदि मौजूद रहे।

### सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं को ग्रीष्मावकाश में उपलब्ध कराएं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें

**हल्द्वानी।** प्रदेश के सरकारी व अर्द्धसरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने आदेश जारी किए हैं। प्रदेश भर के मुख्य शिक्षाधिकारियों जारी आदेश में कहा गया है कि पाठ्य पुस्तकें 25 मई तक सभी जनपद मुख्यालय व भंडार कक्षों में उपलब्ध करा दी जाएंगी। राज्य के अधिकांश विद्यालयों में 26 मई से एक जून तक ग्रीष्म अवकाश रहेगा। कहा गया है कि ग्रीष्मावकाश के दौरान भी छात्र-छात्राओं को ? पाठ्य पुस्तकें वितरित की जानी हैं। शिक्षा महानिदेशक ने निर्देशित किया है कि जून माह में सभी विद्यालयों में मांग के अनुरूप कक्षा एक से 12वीं तक की पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराएं और अपने स्तर से व्यवस्था कराते हुए ग्रीष्मावकाश के दौरान ही छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकें वितरित कराना सुनिश्चित करें।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–**संपादक**

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक आयोजित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन शाखा हल्द्वानी की मासिक बैठक अरुणोदय धर्मशाला हल्द्वानी में लीलाधर पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन विजय तिवारी महासचिव द्वारा किया गया।

बैठक में के डी उप्रेती द्वारा संगठन की आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए सभी सदस्यों से अपने अभिदान तथा वार्षिक शुल्क को जमा करने का अनुरोध किया गया । सिगनेस, अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ.योगेश नागेंद्र , कार्डियोलॉजिस्ट तथा नेत्र सर्जन डॉ रूचि टीम कोऑर्डिनेटर श्री मनोज जोशी एवं उनके 15 सदस्य टीम द्वारा के बीपी, ईसीजी ,शुगर एवं आंखों से संबंधी 60 पेशनर एव उनके परिजनों की जांच की गई।



कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर योगेश नागेंद्र द्वारा वर्तमान समय के खान-पान एवं हाइपरटेंशन डायबिटीज आदि के कारण होने वाले कार्डियो अटैक की जानकारी एवं इसके बचाव एवं उपस्थितजनों की समस्याओं का समाधान किया गया और एक स्वस्थ जीवन जीने के लिए अपनी फिटनेस, बॉडी वेट, तथा खानपान नियंत्रित रखने का सुझाव दिए। बैठक में श्री आर एस कैड़ा, एमएल शाह ऊमाकांत भट्ट, आर.एस बोरा योगेंद्र पांडे, रमेश पांडे,पीसी कांडपाल, यू एस मेहता श्री हरिश्चंद्र आर्य, नेत्रपाल गौड श्री वी के मिश्रा श्याम सिंह रावत, जगदीश सिंह खोलिया, डीडी शर्मा, श्री लक्ष्मण सिंह गोनिया आदि सहित 75 से अधिक पेंशनर द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# स्कूटी सवार महिला से बाईक सवार उच्चको ने मोबाइल लूटा

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

**घटना**

- घटना के 9 दिन बाद दर्ज हुई रिपोर्ट

कोतवाली क्षेत्र में बाईक सवार उचचकों ने स्कूटी सवार महिला ने मोबाइल लूटने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र भदईपुरा निवासी राहुल शर्मा ने बताया कि 3 मई 2024 की रात पत्नी स्कूटी से गाबा चौक से इंदिरा चौक की तरह आ रही।



पत्नी गल्ला मंडी मोड़ पार करते ही उसके पीछे से आ रहे बाईक सवार उचचकों ने स्कूटी को धक्का दिया और मोबाइल लूट कर भाग गए। बताया कि पत्नी स्कूटी समेत गिर गई थी। उसके चोटें भी आईं। पुलिस ने राहुल की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि मोबाइल छीनने की बढ़ती घटनाओं को लेकर लोगों में रोष है।

कुछ दिनों पहले किच्छा बाई पास रोड एफसीआई गोदाम के पास भी राह चलते व्यक्ति के हाथ से बाईक सवार उच्चके मोबाइल छीन कर भाग गए। एक कार में सवार लोगों ने बाईक सवार का पीछा भी किया। मगर बाईक सवार भागने में सफल हो गए।

# अभिमत



## दावा खोखला साबित

*उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव में लगभग 47 लाख 72 हजार लोगों ने मतदान किया। भाजपा का दावा है कि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उत्तराखंड में भाजपा करीब 18 लाख और कांग्रेस 22 लाख सदस्य होने का दावा करती है। इस तरह दोनों पार्टियों के कुल 40 लाख सदस्य हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं की आधी है। मतदान करीब 55 प्रतिशत हुआ। इससे साफ जाहिर होता है कि राजनीतिक दलों के सभी सदस्यों ने मतदान नहीं किया, जबकि पार्टी हाईकमान ने सदस्यों को मतदाता से सम्पर्क करके मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी महीनों पहले सौंपी थी। इस मामले का दूसरा पहलू यह भी है कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने सदस्यों की संख्या का दावा खोखला है।*

निर्वाचन आयोग, शासन, प्रशासन और राजनीतिक दलों की भरपूर कोशिश के बाद भी ज्यादातर मतदाता वोट डालने के लिए घर से नहीं निकले। राजनीतिक दलों के पदाधिकारी मतदाता पर आरोप लगा रहे हैं कि मताधिकार के प्रति लोग जागरूक नहीं हैं, लेकिन यह बात अर्द्धसत्य है। उत्तराखंड में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के चुनाव में लगभग 47 लाख 72 हजार लोगों ने मतदान किया। भाजपा का दावा है कि वह विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। उत्तराखंड में भाजपा करीब 18 लाख और कांग्रेस 22 लाख सदस्य होने का दावा करती है। इस तरह दोनों पार्टियों के कुल 40 लाख सदस्य हैं। यह संख्या कुल मतदाताओं की आधी है। मतदान करीब 55 प्रतिशत हुआ। इससे साफ जाहिर होता है कि राजनीतिक दलों के सभी सदस्यों ने मतदान नहीं किया, जबकि पार्टी हाईकमान ने सदस्यों को मतदाता से सम्पर्क करके मतदान के लिए प्रेरित करने की जिम्मेदारी महीनों पहले सौंपी थी। इस मामले का दूसरा पहलू यह भी है कि राजनीतिक दलों द्वारा अपने सदस्यों की संख्या का दावा खोखला है। मतदान कम होने के लिए सीधे तौर पर राजनीतिक दल जिम्मेदार हैं। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनसमस्याओं का समाधान नहीं करने से मतदाता नाराज है। मतदाता ने अपनी नाराजगी मतदान के लिए उत्साह नहीं दिखाते हुए जाहिर की है। उत्तराखंड के बहुत से गांवों में चुनाव का बहिष्कार किया गया है। चुनाव के प्रति उदासीनता को दूर करने के लिए इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन में नोटा यानि किसी को भी वोट नहीं का प्रावधान किया गया है। जनप्रतिनिधि इसके बाद भी नहीं चेते तो मतदाता ने चुनाव बहिष्कार का रास्ता चुना है। भाजपा ने पन्ना प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के एक पन्ने पर दर्ज सभी मतदाताओं से मतदान कराने को कहा था। मतदान कम होने से किस पार्टी पर असर पड़ेगा, इसे लेकर बहस जारी है। 'जितने मुंह, उतनी बात' वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। भाजपा का कहना है कि उसके समर्थकों ने उत्साह के साथ मतदान किया है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के कार्यकर्ता वोट नहीं डलवा सके। इसका जवाब देते हुए कांग्रेस के नेताओं का कहना है कि समुदाय विशेष के लोग मतदान के लिए उत्साह से निकले और कांग्रेस को वोट दिया है। भाजपा के सभी सदस्य वोट डालने के लिए बूथ पर नहीं पहुंचे। आरोप-प्रत्यारोप राजनीतिज्ञों की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा है। किसके समर्थक और सदस्य मतदान के लिए जागरूक रहे, यह चुनाव नतीजों से पता चल जायेगा। मतगणना में चुनाव जीतने वाले का नाम घोषित किया जायेगा, लेकिन मतदाता का विश्वास जीतना साबित नहीं होगा। जनप्रतिनिधियों को जनहित में सेवा भाव से काम करना होगा।

# उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ के नवनीत क्षेत्रीय अध्यक्ष व रामप्रीत मंत्री बने

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता




उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ का कुमाऊं क्षेत्र का प्रतिनिधि सम्मेलन राम मंदिर धर्मशाला में आयोजित किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ संघ के कार्य समिति सदस्य शेखरानंद पांडे, प्रदेश महामंत्री प्रेम चंद्र दुम्का ने दीप प्रज्वलित कर किया।

सम्मेलन में रानीखेत, अल्मोड़ा, भवाली, काशीपुर, रामनगर, हल्द्वानी, काठगोदाम आदि डिपो के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर प्रदेश संगठन मंत्री बालकृष्ण शर्मा ने कहा कि परिवहन निगम सरकारों व निगम प्रबंधन की उदासीनता के कारण बंदी की कगार पर पहुंच गया है। वक्ताओं ने परिवहन निगम के बस बेड़े में 500 नयी धनराशि जारी करने बसें खरीदने के लिए जारी करने, निगम में 15-20 साल से कार्य कर रहे संविदा विशेष श्रेणी के चालक, परिचालक व? कार्यशाला कर्मियों को नियमित किए जाने, निगम में एजेंसी के बजाय नियमित नियुक्ति किये जाने, बागेश्वर, पौड़ी, धारचूला, चंपावत, श्रीनगर, उत्तरकाशी में डिपो खोलने जैसी मांगें उठाई। इस दौरान संघ की क्षेत्रीय नयी कार्यकारिणी भी चुनी गई।

इसमें नवनीत कपिल क्षेत्रीय अध्यक्ष, अवतार सिंह व महेश चंद जोशी उपाध्यक्ष, रामप्रीत यादव मंत्री, संजय शर्मा व नवीन सिंह नेगी संयुक्त मंत्री, लक्ष्मण सिंह रजवार संप्रेक्षक, जसविंदर कुमार संगठन मंत्री महेश चंद सिंह राणा कोषाध्यक्ष, मनीष जोशी प्रचार मंत्री, कुसुम गौड़ कार्यालय मंत्री व उमेश कांडपाल, अशोक राय, नरेंद्र पलड़िया, दिनेश जोशी, ललित बोरा, धीरेन्द्र बिष्ट, राजेंद्र कुमार, रजनीश थापा व संजीव कुमार व खुशाल सिंह कार्यकारिणी सदस्य तथा वीरेंद्र बिष्ट, ललित चन्द्र पांडे, तारा जोशी, लीला बोरा, बालमुकुंद सुयाल, ललित मोहन पांडे, बीके शर्मा व प्रेम चंद्र दुम्का प्रांतीय सदस्य चुने गये। सम्मेलन में भगवती पांडे, लीला बोरा, तारा जोशी, केडी लोहनी, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, पूरन जोशी, गौरव जोशी, उमेश जोशी, पूरन राणा, हेम गुणवंत, संजय संतोष, कुशाल सिंह, अवतार सिंह, जगदीश अधिकारी, नंद सिंह आदि मौजूद थे।

**मांग**

- **रोडवेज के संविदा विशेष श्रेणी के चालक, परिचालक व कार्यशाला कर्मियों के नियमितीकरण जैसी मांगें उठाईं**

## दानपुर के प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने सामान पर हाथ साफ किया

**रुद्रपुर।** चोरों ने शिक्षा के मंदिर का ताला तोड़ कर वहां से सामान चोरी कर लिया। इस मामले में प्रधानाचार्या ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय दानपुर की प्रधानाचार्या मन्जु अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि 9 मई को शाम करीब 8बजे विद्यालय परिसर मे स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका तसनीम जैदी ने उन्हें फोन से सूचना दी कि भोजनमाता सुमन ने बताया राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक कार्यालय का ताला टूटा हुआ है।

सूचना मिलने पर अध्यापिका जैदी विद्यालय में पहुंची। जहां देखा कार्यालय का ताला टूटा पडा था तथा सामान बिखरा हुआ था । कार्यालय में यूपीएस, विद्यालय प्रबन्धन समिति की पासबुक आदि सामान चोरी हो गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खुलासा: चोरी की पांच बाइक समेत ऑटो लिफ्टर गिरफ्तार

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



पुलिस ने शहर के अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर चुराई गई पांच मोबाइक भी बरामद कर ली गई है। 7 मई को दीक्षित जोशी निवासी नीलांचल कालोनी डहरिया की बाइक सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से अज्ञात चोर ने चोरी कर ली थी। वहीं 21 फरवरी को भुवन चन्द्र पाण्डे निवासी प्रेम विहार बडी मुखानी की बाइक भी सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर से चोरी चली गई थी। इसके अलावा 3 मई को सचीन्द्र कबिदयाल निवासी तेजपुर नेगी लालकुआं की सुयाल कालोनी बरेली रोड से, 4 दिसंबर 2023 को राहुल राजपूत निवासी दमुवाढूंगी पंनचक्की हल्द्वानी की रूद्राक्ष बैंकल हाल के सामने हल्द्वानी से, 20 अप्रैल को हसीन साह निवासी इन्द्रानगर बनभूलपुरा की बाइक घर के बाहर से अज्ञात चोर ने पार कर ली थी। इन सभी बाइक चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के लिए एसएसपी पीएन मीणा ने मातहतों को दिशा निर्देश दिए थे। एसएसपी ने एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और सीओ नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम का गठन किया। प्रभारी निरीक्षक उमेश मलिक के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी खंगालने और सुरागरसी करते हुए एफटीआई रोड मेडिकल चौकी से चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछताछ की तो उसने दूसरी बाइक चोरियों में अपना हाथ होना कबूल लिया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की चार और बाइक भी बरामद कर ली। पकड़ा गया आरोपी साहिल पुत्र स्व. सगीर निवासी ग्राम अजीतपुर सरायवाली मस्जिद सिविल लाइन रामपुर का रहने वाला है। और वर्तमान में इंद्रानगर में रहकर रंगाई-पुताई का काम करता है। पूछताछ में उसने बताया कि उसके द्वारा चोरी की गयी बाइक को कुछ दिनों के लिये छुपा लिया जाता था फिर उसी से घूमते हुए रैकी की जाती थी। बाइक चोरी के लिये उसके द्वारा एक मास्टर की भी बनायी थी। बताया कि वह चोरी की मोटर साईकिलों को धीरे-धीरे बेचने की फिराक में था। पकड़े गए बाइक चोर के खिलाफ रामपुर में भी चोरी, शस्त्र व एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत 3 अभियोग पंजीकृत है।

# फिल्मी दुनिया

## विक्की कौशल ने पूरी की छावा की शूटिंग





*विक्की कौशल इन दिनों छावा फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे काफी दिनों से लगातार फिल्म की शूटिंग में व्यस्त थे। इस फिल्म के जरिए वे रश्मिका मंदाना के साथ पहली बार साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में विक्की छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे, जबकि रश्मिका मंदाना येसूबाई भोसले की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इसके साथ ही वे इससे जुड़ी छोटी सी छोटी जानकारी पाने के लिए उत्सुक रहते हैं। अब ऐसे में विक्की ने फैंस के लिए छावा से जुड़ी दिलचस्प जानकारी साझा की है। प्रशंसकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। विक्की कौशल ने हाल ही में घोषणा की कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। विक्की कौशल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने एक भावुक नोट भी लिखा। उन्होंने शूटिंग को भावुक और अविश्वसनीय बताते हुए लिखा, छावा के फिल्मांकन की अविश्वसनीय रूप से भावुक और नाटकीय यात्रा कुछ नाटक के बिना समाप्त नहीं हो सकती थी। हमारे अंतिम शॉट पूरा करने के तुरंत बाद बारिश के देवताओं ने वास्तव में आज मौसम की प्यारी झलक पेश की।*

### छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म

*उन्होंने आगे कहा, मैं बहुत कुछ कहना चाहता हूं, इस यात्रा के बारे में मैं अभी बहुत कम बता पा रहा हूं, हो सकता है कि कुछ दिनों में जब सब कुछ समझ में आ जाए। अब मैं भरे दिल से बस इतना ही कह सकता हूं। आभार, प्रेम और संतुष्टि का अर्थ है यह फिल्म। यह फिल्म रैप है।% इसके साथ विक्की ने एक प्यारा वीडियो साझा किया है। सेट पर यह वीडियो शूट किया गया है, जिसमें दिख रहा है कि मौसम सुहाना हो रहा है और तेज बारिश हो रही है। इसे बारिश के बारे में विक्की ने अपने पोस्ट में बात की है। छावा एक ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जो छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है।*

# ट्रांजिट कैंप पुलिस ने अवैध शराब बेचते हुए महिला को गिरफ्तार किया

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के निर्देशन में जनपद में अवैध शराब तस्करी की रोकथाम और संदिग्धों की धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक महिला को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक थाना ट्रांजिट कैंप के निरीक्षक भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र में अवैध शराब की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। उन्होंने बताया कि पुलिस ने एक महिला को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से 26 लीटर शराब भी बरामद की। पुलिस महिला को थाने लेकर पहुंची। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम दीक्षा निवासी वार्ड नंबर 4 आजाद नगर थाना ट्रांजिट कैंप बताया । उन्होंने बताया कि पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस नशे के सौदागरों के साथ साथ संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई लगातार की जा रही है।



## News कॉर्नर

### होम साइंस विभाग में कार्यरत कर्मी की संदिग्ध मौत

**रुद्रपुर।** थाना पंतनगर एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में तबियत बिगड़ गई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय सुनील कुमार 35 पुत्र हरवंशनिवासी पंतनगर टा कॉलोनी होम साइंस विभाग में कार्यरत थे। गुरुवार की शाम को उनकी तबियत बिगड़ गई। उन्हें उपचार को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। पुलिस के मुताबिक सुनील को अचानक घबराहट हुई थी। मौत के सही कारणों के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक के दो दो बेटे है। परिवार में कोहराम मच गया।

### चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर नगदी व अन्य सामान चुराया

**हल्द्वानी।** चोरों ने कुसुमखेड़ा स्थित एक दुकान का ताला तोड़ कर दुकान में रखी नगदी और अन्य सामान चुरा लिया। दुकान स्वामी ने कार्रवाई की मांग की है। आरके टैंट हाउस रोड देवी मंदिर मुखानी निवासी जनक सिंह रावत पुत्र स्व. दीवान सिंह रावत ने पुलिस में दी तहरीर में कहा है कि उसकी आरके टैंट हाउस रोड में रावत जनरल स्टोर के नाम से दुकान है। वह बीती 9 मई की रात को दुकान बंद कर घर चला गया। जब वह अगले दिन दुकान में पहुंचा तो दुकान का ताला टूटा हुआ था। जब वह अंदर पहुंचा तो गल्ले में रखी 800 रूपए की नगदी, बैंक की पासबुक और पेनकार्ड चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

# अब सवालों के घेरे में बैंक कर्मियों के जलपान के लिए खोली कैंटीन

उत्तरांचल दीप

**सलीम खान, हल्द्वानी**

नैनीताल डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की कैंटीन में बड़ा झोल नजर आ रहा है। बैंक की कैंटीन होने के बावजूद इसे सार्वजनिक तौर पर चलाया जा रहा है। जबकि कवायद के अनुसार कैंटीन जब बैंक कर्मचारियों के लिए खोली गई थी तो उसका मुख्य द्वारा नैनीताल रोड की ओर न होकर बैंक के भीतर होना चाहिए था। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सबसे बड़ा बड़ी तो यह है कि बैंक प्रबंधन ने कैंटीन का किराया एक हजार रूपए निर्धारित किया था लेकिन आपसी मिलीभगत कर कैंटीन का किराया भी कम कर पांच सौ रूपए प्रति माह कर दिया गया।



सबसे हैरानी की बात तो यह है कि कैंटीन भी मंदिर समिति के नाम से खोली गई है जिसका रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। इस पूरे गड़बड़झाले का खुलासा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना में हुआ है। सलाभाबर कुंवरपुर गौलापार में रहने वाले प्रदीप सिंह बर्गली ने इस संबंध में सूचना मांगी थी जिसके बाद उन्हें जो सूचना दी गई उसने नैनीताल बैंक प्रबंधन की कार्यप्रणाली को ही कठघरे में खड़ा कर दिया। कैंटीन इसलिए खोली गई ताकि बैंक में काम करने वाले कर्मचारियों को जलपान की सुविधा मिल सके। हालांकि पूर्व में कैंटीन की लंबाई चौड़ाई का मापन नहीं किया था लेकिन जरूरत पड़ने पर इसका मापन करने की बात कही गई। सबसे बड़ा घालमेल तो यहां पर यह दिखाई दिया कि जिस मंदिर समिति के नाम पर कैंटीन का संचालन हो रहा है उसके खाते में हर महीने 8 हजार रूपए जमा कराए जा रहे हैं। सूचना में कहा गया है कि 16 अक्टूबर 2015 को नैनीताल बैंक मुख्यालय परिसर में कैंटीन की जरूरत महसूस की जिसके बाद विशिष्ट अतिथि गृह के भूतल पर स्थित एक कमरा को कैंटीन संचालन के लिए दे दिया गया। साथ ही कैंटीन संचालकों को मंदिर समिति ट्रझट के खाते में 2 लाख रूपए जमा करवाने के साथ ही रोजाना पूजा अर्चना के लिए पुजारी व अन्य कार्यों के लिए पांच हजार रूपए ह महीने प्राप्त करने की बात कही। अब ऐसे में सवाल उठता है कि जब कैंटीन नैनीताल बैंक कर्मचारियों के लिए खोली गई थी तो उसका सार्वजनिक उपयोग की इजाजत किसने दी। वहीं जिस मंदिर समिति ट्रस्ट में पैसा जमा कराया गया है उसका रजिस्ट्रेशन करवाने की जहमत क्यों नहीं उठाई गई। यह कुछ ऐसे सवाल हैं जो नैनीताल बैंक प्रबंधन की कार्यप्रणाली को कैंटीन संचालक के रसूख को उजागर करने के लिए काफी है। यहां पर यह भी बता दें कि नैनीताल रोड पर एसडीएम कोर्ट के बराबर में बनी यह कैंटीन फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण के लिए भी जानी जाती है। पूरे शहर में अतिक्रमण का डंडा भी चलता है कि लेकिन प्रशासन कैंटीन के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाने में नाकाम ही रहा है।

# बिजली, पानी और वनाग्नि को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

बिजली, पानी और वनाग्नि जैसे गंभीर मामले को लेकर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन और अविलंब उचित कार्यवाही की मांग की।

बिजली बिलो मे बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती सहित पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हलद्वानी वासियों ने जिला-महानगर कांग्रेस कमेटी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड के नाम का ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौपा। हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश के नेतृत्व में आज दर्जनों कांग्रेसियों ने बिजली, पानी सहित वनाग्नि से जूझ रहे प्रदेशवासियों की समस्या का संज्ञान लेते हुवे ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तराखंड का ध्यान इन ज्वलंत समस्याओं की तरफ इंगित करवाया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि भाजपा राज में



आम जनमानस पर चौतरफा मार पड़ रही है। भीषण गर्मी से जनता पहले से परेशान है उस पर बिजली बिलों मे बेतहाशा वृद्धि और अघोषित बिजली कटौती ने जले मे नमक वाला काम किया है। इस भीषण गर्मी में पेयजल व्यवस्था चरमराना सरकार की उदासीनता का प्रतीक है। जंगलों की आग ने सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगाया है। ऊर्जा प्रदेश में ऊर्जा संकट होना भाजपा सरकार की अकर्मणता का प्रतीक है। जनता पेयजल की समस्या से परेशान और बिजली के बढ़ते दामों से हलकान है।

पीसीसी सतीश नैनवाल, डॉ मयंक भट्ट, ललित जोशी, सुहैल सिद्दीकी मुकुल बलुटिया, जया कर्नाटक, पार्षद राधा आर्य, भगवती जोशी, भागीरथी बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष कुंदन नेगी सहित उपस्थित सभी कांग्रेस जनो ने मुख्यमंत्री महोदय से बिजली के बड़े दामों को अविलंब वापस लेने सहित सभी समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की।

# बच्चों ने पेयजल की समस्या को लेकर जल संस्थान तेरी तानाशाही आदि नारे लगाए

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

इंदिरा नगर प्राइमरी पाठशाला के बहुत से बच्चों ने पेयजल की समस्या को लेकर और सभासद शकील अहमद सलमानी के नेतृत्व स्कूल की छुट्टी के बाद बास्ते व बाल्टी हाथ में लेकर जल संस्थान के विरुद्ध उग्र आंदोलन जल संस्थान मुर्दाबाद जल संस्थान तेरी तानाशाही आदि नारे लगाए । अपने घरों से पानी लेकर आते हैं एक बाल्टी में पानी लाते हैं तब जाकर स्कूल में मिड डे मील का खाना बनता है शौचालय के लिए भी पानी नहीं है टूर सभासद शकील अहमद सलमानी ने कहा कि जल संस्थान कभी पानी का टैंकर भेजता है तो कभी नहीं भेजता इस कारण मिड डे मील भजन बनाने में दिक्कत हो रही है स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को भजन माता को भी कई घर दूर जाकर पानी लाना पड़ता है।



# लोक अदालत में विभिन्न मामलों में 1818 का निस्तारण

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक ने मीडिया को बताया कि शनिवार को जिला ऊधमसिह नगर मुख्यालय सहित समस्त तहसील न्यायालय तहसील परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में दोनो पक्षों में समझौते के आधार पर आपराधिक मामले जिसमें मोटरयान भी सम्मिलित है। मोटरयान के 1313 मामले, चेक वाउंसिंग के 186 मामले, मोटर दुर्घटना में एमएसीपी के 80 मामले,लेवर कैंप के 1 मामला,जन कल्याण के 69 मामले,पारिवारिक में 55 मामले, दीवानी के 24 मामले आदि कुल 1818 मामले निस्तारित किये गये। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्री-लिटिगेशन के 339 मामले निस्तारित किए गए। उन्होंने राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार बाबत, मीडिया कर्मी सहित अधिवक्तागा पीठ, कर्मचारी, पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।

# प्रो.अंजू को निदेशक बनने पर बधाई दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने नवनियुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड प्रो.अंजू अग्रवाल को निदेशक बनने पर पुष्प गुच्छ देखकर बधाई एवम शुभकामनाएं दी। कूटा ने प्रो.अग्रवाल से वार्तालाप के दौरान कहा कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों को आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से रखा जाना ये शिक्षकों के सम्मान के प्रतिकूल हैं क्योंकि उच्च शिक्षा में शिक्षक बनने के मापदंड बहुत उच्च है तथा एक ठेकेदार के निर्देशन में ऐसे शिक्षक का कार्य करना शिक्षक के पेशे का अपमान है।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

रुद्रपुर

**हमारे संवाददाता**

शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह ने स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी का निरीक्षण किया व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम सहित पूरे परिसर निरीक्षण किया।

उन्होने स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात सुरक्षा कर्मिकों को 24 घंटे सजग रहने के साथ बिना अनुमति के किसी भी व्यक्ति को स्ट्रांग रूम परिसर में प्रवेश न करने के निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम पर



24 घंटे पैनी नजर रखने हेतु लगाये गये सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम में तैनात अधिकारियों को सीसीटीवी पर नजर बनाये रखते हुये उसके स्टोरेज व पॉवर बैकप पर भी ध्यान देने के निर्देश दिये। उन्होने कहा ड्यूटी पर तैनात अधिकारी बिना प्रतिस्थानी के कन्ट्रोल रूम कतई नही छोड़ेगें। निरीक्षण के दौरान सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मनीष बिस्ट भी मौजूद थे।

# मदर्स-डे पर हुई प्रतियोगिताएं, गीता पांडे को बेस्ट मदर का खिताब

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

लालडांठ स्थित लिटिल फ्लावर स्कूल में मातृ-दिवस के अवसर माताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए माताओं के लिए कुर्सी दौड़, हाथी के गले में रिंग डालना, हाथ छूकर अपने बच्चे को पहचानना, रंगोली बनाना आदि प्रतियोगिताएं कराई गयीं।

इस क्रम में माताओं ने अपने-अपने बच्चों के साथ रैम्प वॉक किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहीं शीला बिष्ट, निशा जोशी, हेमा रावत, गीता पांडे, सीमा गुप्ता, दुर्गा



मठपाल, आरती को पुरस्कृत किया गया। गीता पांडे को द बेस्ट मदर का ताज पहनाया गया। प्रधानाचार्य शान्ति जीना ने सभी को मदर्स-डे की बधाई दी।

# सिन्थिया इंटरनेशनल स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन

हल्द्वानी

**हमारे संवाददाता**

सिन्थिया इंटरनेशनल स्कूल, हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ हल्द्वानी में आज मातृ दिवस का जोरदार आयोजन किया गया इस दौरान छात्रों की अभिभावक व माताओं ने अपने बच्चों के साथ मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया

कार्यक्रम के दौरान माताओं ने नॉन फायर कुकिंग के अपने कौशल का प्रदर्शन करके बच्चों के लिए शानदार चीजे खाने के लिए उपलब्ध करा कर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इसके अलावा रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। सभी ने पोटरी वर्कशॉप में भाग लिया, जहां उन्होंने मिट्टी की बनी



चीजों पर अद्भुत नक्काशी करके अपनी कला का प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने आप के बच्चो के साथ सामूहिक नृत्य भी किया बच्चो ने भी अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान सिन्थिया इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक रश्मि रौतेला व कात्यायन रौतेला तथा प्रिंसिपल, तुलिका रस्तोगी ने सभी का स्वागत करते हुए जीवन में मां के महत्व को बताया इस उत्सव के माध्यम से, माताएं न केवल अपने बच्चों के साथ अच्छे समय बिताया, बल्कि उन्होंने एक-दूसरे के साथ साझा की गई कलाओं और कौशल को भी समझा।